**चित्रकला –कोड 049**
**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र***
**कक्षा -XII (2025-26 )**

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

**सामान्य अनुदेश**

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।
- **खंड-क** में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।
- **खंड-ख** में 5 प्रश्न छोटे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में)
- **खंड-ग** में 3 प्रश्न लंबे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है। (उत्तर लगभग 200 शब्दों में)

| **संख्या** | **खंड-क** | **अंक** |
|---|---|---|
| | **दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:** | |
| **1.** | "चांद बीबी पोलो खेलते हुए" पेंटिंग में चांद बीबी को किस रंग के घोड़े पर सवार दिखाया गया है?<br>a. लाल<br>b. पीला<br>c. नीला<br>d. सफेद | **1** |
| **2.** | “कृष्ण गोपियों संग” पेंटिंग में सभी आकृतियों के चेहरे किस प्रकार चित्रित किए गए है?<br>a. एक चश्म(साइड प्रोफ़ाइल फेस)<br>b. सवा चश्म (1.25 प्रोफ़ाइल फेस)<br>c. डेढ़ चश्म (1.5 प्रोफ़ाइल फेस)<br>d. दो चश्म (फ्रंट फेस) | **1** |
| **3.** | अभिकथन A(ए): पी.वी जानकी राम जी द्वारा गणेश की चित्रात्मक मूर्ति बनाई गई है।<br>कारण R (आर) क्योंकि चित्रकार ने इस मूर्ति को लकड़ी से बनाया है।<br>a. A(ए) और R(आर) दोनों सही है। R(आर) A(ए) की सही व्याख्या है।<br>b. A(ए) और R(आर) दोनों सही है। R (आर) A(ए) की सही व्याख्या नहीं है।<br>c. A(ए) सही है, लेकिन आर(आर) गलत है।<br>d. R(आर) गलत है लेकिन A(ए) सही है। | **1** |
| **4.** | निम्न में से किस पेंटिंग में देवनागरी लिपि का अंकन देखने को मिलता है?<br>a. शिव और सती<br>b. पक्षी विश्राम पर बाज<br>c. बच्चे<br>d. कबीर और रैदास | **1** |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| **5.** | अभिकथन A(ए) – कलाकार नूरुद्दीन द्वारा चित्रित पेंटिंग “कृष्ण झूले पर” बीकानेर चित्रकला शैली से संबंधित है, जिसे दो भागो में विभाजित किया गया हैं।<br>कारण R (आर)- यहाँ महल के वास्तुशिल्पीय आंतरिक भाग और उद्यान दृश्य को दो भागों में दर्शाया गया है।<br>a. A(ए) और R(आर) दोनों सही है। R(आर) A(ए) की सही व्याख्या है।<br>b. A(ए) आर R(आर) दोनों सही है। लेकिन R(आर) A(ए) की सही व्याख्या नहीं है।<br>c. A(ए) सही है लेकिन आर(R) गलत है।<br>d. R(आर) गलत है लेकिन A(ए) सही है। | **1** |
| **6.** | निम्न में से किस कलाकार द्वारा "राधिका" पेंटिंग बनाई गई है?<br>a. नंदलाल बोस<br>b. अबानिंद्रनाथ टैगोर<br>c. राम गोपाल विजयवर्गीय<br>d. मोहम्मद अब्दुल रहमान चुगताई | **1** |
| **7.** | निम्न में से किस सम्मानित व्यक्ति के सिर के पीछे कलाकार ने आभामंडल चित्रित किया है?<br>a. चांद बीबी<br>b. संत कबीर<br>c. हजरत निजामुद्दीन औलिया<br>d. अमीर खुसरो | **1** |
| **8.** | "मारू रागनी" नामक पेंटिंग के अग्रभाग में कौन से जानवर का चित्रण है?<br>a. घोड़े<br>b. हाथी<br>c. शेर<br>d. कुत्ता | **1** |
| | **खंड-ख** | |
| **9.** | (क)<br>i. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में अंकित कौन-कौन से रंग हमें साहस और बलिदान, शांति और विश्वास, शौर्य और विकास के लिए प्रेरित करते हैं? साथ ही विकास के पथ पर बिना रुके निरंतर कार्य करने के लिए कौन सा प्रतीक प्रोत्साहित करता है?<br>ii. अपने शब्दों में बताइये कि आपका ध्वज एक अच्छे और प्रतिबद्ध नागरिक बनाने में आपकी कैसे सहायता करता है?<br>**अथवा**<br>(ख )अनुपम सूद ने अपने ग्राफिक प्रिंट में, समाज के उस अंधेरे पक्ष को दर्शाया है, जो विधवाओं के जीवन को कठिनाइयों से भर देता है।<br>i. प्रिंट व माध्यम का नाम लिखे।<br>ii. कैसे हम इन कुप्रथाओं को समाज से खत्म कर सकते हैं? | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| **10.** | (क)इस प्रसिद्ध राजस्थानी लघु चित्रकला से हम 'रघुकुल' के उच्च नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हैं। मानव आकृतियों की पुनरावृत्ति के साथ सफेद, नीले और हरे रंगों का प्रभुत्व, कथा को सफलतापूर्वक व्यक्त करने में मदद करता है।<br>i. पेंटिंग कलाकृति के कलाकार, उप चित्रकला शैली और इसके माध्यम को पहचानें।<br>ii. इस पेंटिंग से आप कौन सा मानवीय मूल्य सीखते हैं?<br>अथवा<br>(ख) मुगल लघु चित्रकला शैली अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, महिला आकृतियों का चित्रण बहुत कम होता है।<br>i. आपके अध्ययन के पाठ्यक्रम से कलाकार और उसकी पेंटिंग की पहचान करें जिसमें उसने महिला आकृतियाँ और मुगल भव्यता दोनों को दर्शाया है।<br>ii. सौंदर्य मापदंडों के आधार पर कलाकृति को संक्षेप में समझाइए। | **2** |
| **11.** | विश्वास के माध्यम से आशा और करुणा देने से लेकर साहस, वीरता, बहादुरी और निडरता को चित्रित करने तक, नीचे उल्लिखित दोनों पेंटिंग विभिन्न दृष्टिकोणों से महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालती हैं।<br>'चौगान खिलाड़ी'<br>**अथवा**<br>'मदर टेरेसा'<br>इनमे से किसी एक पेंटिंग पर :<br>i. कलाकार का नाम और उसका माध्यम पहचानें।<br>ii. संक्षेप में समझाएं कि कैसे उपर्युक्त उल्लिखित विशेषताएं पेंटिंग में चित्रित की है? | **2** |
| **12.** | मुगल लघु चित्रकला विद्यालय के केंद्र में, भगवान की दिव्य छवि को सामान्य आकार से बड़े आकार में चित्रित किया जाता है।<br>i. पेंटिंग व उसके चित्रकार का नाम लिखे।<br>ii. पेंटिंग के रचनात्मक विन्यास की व्याख्या करें।<br>**अथवा**<br>i. पहाड़ी लघु चित्रकला शैली की कोई दो प्रमुख विशेषताएं बताएं।<br>ii. इसके किसी एक कलाकार का नाम व जिस उपचित्रकला शैली से वह संबंधित है-, उसका नाम लिखें? | **2** |
| **13.** | (क)बंगाल चित्रकला शैली की इस एकमात्र मार्मिक पेंटिंग में दिव्य स्वर्गीय आकृतियों को चित्र के केंद्र में रखा गया है। यहाँ शिव को प्रथम प्रेमी के रूप में दिखाया गया है और कलाकार ने अत्यंत दुखद और उदास वातावरण का निर्माण करके उनकी पीड़ा और लाचारी को दर्शाया है।<br>i. चित्र व उसके चित्रकार का नाम बताएं।<br>ii. रचनात्मक विन्यास के आधार पर इस पेंटिंग की व्याख्या करें।<br>**अथवा**<br>(ख) अबानिंद्रनाथ टैगोर जी द्वारा चित्रित आपके पाठ्यक्रम में शामिल प्रतीकात्मक पेंटिंग की पहचान करें।<br>i. कलाकृति का शीर्षक व माध्यम पहचानें?<br>ii. पेंटिंग का वर्णन करें और पृष्ठभूमि में प्रयुक्त मोनोक्रोमैटिक रंग योजना कैसे (एकवर्णी) चित्रित मनोदशा और वातावरण अलंकृत करती है। | **2** |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-ग** | |
| | **दिए गए विकल्पों में से <u>कोई दो</u> प्रश्न हल करें** | |
| **14.** | अपने पाठ्यक्रम से अमृता शेरगिल जी द्वारा स्वतंत्रता पूर्व चित्रित उस चित्र की पहचान करें जिसमें उन्होंने मुखमंडल की जगह अंधकार युक्त क्षेत्र को दर्शाया है।<br>i. पेंटिंग का नाम व उसका माध्यम बताएं। व्याख्या करें कि कलाकृति में कौन से प्रमुख भारतीय मुद्दे को दर्शाया गया है तथा इसकी आकृतियाँ क्या कार्य कर रही है?<br>ii. अपने शब्दों में चित्र की विस्तार से व्याख्या करें और बताएं कि कलाकार भारतीय स्त्रियों की कौन सी स्थिति को दर्शा रही है?<br>iii. चित्र में मुख मंडल की जगह अंधकार युक्त क्षेत्र क्यों दर्शाया गया है, रंगों के इस अनुप्रयोगों से आप क्या समझते है? | **6** |
| **15.** | आपके पाठ्यक्रम के अनुसार भारतीय आधुनिक कलाकार द्वारा चित्रित कलाकृति की पहचान करें जिसमें उन्होंने दिव्यरूप राम को उनके शांत स्वभाव के विपरीत चित्रित किया है।<br>i. पेंटिंग, चित्रकार, माध्यम लिखते हुए बताएं कि कलाकृति में राम के कौन से भाव को दर्शाया गया है?<br>ii. पेंटिंग के बारे में विस्तार से लिखते हुए बताएं कि चित्रकार विषय वस्तु निरूपण में कहां तक सफल रहा है?<br>iii. चित्र में दर्शायी गई प्रमुख आकृति किसकी है तथा आप उनके चरित्र के कौन से गुण को अपनाना चाहेंगे? | **6** |
| **16.** | दी गई राजस्थानी लघु चित्रकला पेंटिंग का सावधानीपूर्वक अवलोकन एवं पहचान करें।<br>i. पेंटिंग व चित्रकार का नाम बताएं और इसमें संबंधित शैली की कौन सी दो प्रमुख विशेषताएं यहाँ देखने को मिलती हैं?<br>ii. चित्र को सौंदर्यात्मक मापदंडों के आधार पर स्पष्ट करें और समझाएं कि कलाकार ने इसमें कोमलता के साथ सशक्तिकरण का मिश्रण कैसे सफलतापूर्वक दर्शाया हैं?<br>iii. भारत सरकार ने किस प्रकार इस चित्र को उचित मान्यता दी है और इस कलाकृति को महत्वपूर्ण बनाया है? समझाएं? | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| |  | |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।